**दिनांक : 05.04.2026** **समय : 07.10PM**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**<u>सांध्यकालीन समाचार</u>**

मुख्य समाचार

- लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले कानून को 2029 से लागू करवाने के लिए संसद का बजट सत्र तीन दिन बढ़ाया गया।
- देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं, आपूर्ति 53 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हुई।
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला कलेक्टर्स को ओलावृष्टि से हुए नुकसान का त्वरित आकलन करने के निर्देश दिए।
- आईपीएल क्रिकेट में आज का दूसरा मैच अब से कुछ देर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होगा।

-----------

बजट सत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले 2023 में पारित कानून को 2029 से लागू करवाने के लिए संसद का बजट सत्र तीन दिन बढ़ा दिया गया है। केरलम के तिरुवल्ला में एक चुनावी रैली में श्री मोदी ने कहा कि बजट सत्र 16, 17 और 18 अप्रैल को फिर आयोजित होगा। प्रधानमंत्री ने कुछ राज्यों में जनसंख्या घटने पर सीटें कम होने की अफवाह पर भी बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा और तेलंगाना में लोकसभा सीट की संख्या में कोई कमी न हो। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में अच्छा प्रदर्शन किया है, उनके बारे में झूठी जानकारी फैलाई जा रही है कि जनसंख्या घटने पर वहां सीटें भी कम हो जाएंगी।

पश्चिम बंगाल-अभियान

पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार तेज हो गया है। आगामी विधानसभा चुनावों से पहले शीर्ष नेता राज्य भर में जोर-शोर से जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। राज्य में इस महीने की 23 और 29 तारीख को दो चरणों में मतदान होना है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया।

उधर, तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में रैलियों को संबोधित कर रही हैं। कांग्रेस, वामपंथी और अन्य राजनीतिक दल राज्य भर में जनसभाओं के माध्यम से प्रचार अभियान चला रहे हैं।

ओलावृष्टि-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुई आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के संबंध में कहा है कि किसान भाई चिंता न करें, संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार किसानों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला कलेक्टर्स को मौसम के असमय बदलाव से हुए नुकसान का त्वरित आकलन करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के प्रभावित क्षेत्रों में हुई हानि के लिए तत्काल सहायता और राहत उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि गत दिवस ग्वालियर-चंबल संभाग के विभिन्न जिलों तथा राजगढ़, रायसेन, बैतूल आदि जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

विद्युत अवरोध- ऊर्जा मंत्री

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सभी विद्युत वितरण कंपनियों के प्रबंध संचालकों एवं मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ओलावृष्टि और अतिवृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं में विद्युत अवरोध होने पर प्रभावित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को तुरंत कारण सहित मैसेज कर सूचित करें। साथ ही उन्हें यह भी सूचित करें कि कितने समय में विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सकेगी। श्री तोमर ने कहा है कि सामान्य दिनों की तुलना में प्राकृतिक आपदाओं के समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

पेट्रोल, डीजल, एलपीजी

सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी प्रयास कर रही है। सरकार ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर बुक कराने के लिए डिजिटल तरीकों का उपयोग करने तथा गैस वितरकों के पास अनावश्यक जाने से बचने को कहा है। तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया है कि फरवरी 2025 से कल तक एलपीजी आपूर्ति 53 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गई है। मंत्रालय ने कहा है कि कल 90 हजार से अधिक पांच किलोग्राम वाले एफटीएल-छोटे सिलेंडर की बिक्री की गई। ये छोटे सिलेंडर नजदीकी एलपीजी वितरक के पास उपलब्ध है और इन्हें कोई भी वैध पहचान पत्र दिखाकर खरीदा जा सकता है। इनके लिए किसी आवासीय पते की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय ने कहा है कि मार्च 2026 से लगभग 3 लाख 60 हजार पीएनजी गैस कनेक्शन दिये गए है। इनके अलावा तीन लाख 90 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने नए कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है।

जनसुनवाई-केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज अशोकनगर जिले के चंदेरी विधानसभा के ईसागढ़ में आयोजित जनसुनवाई के दूसरे चरण में क्षेत्रवासियों की समस्याएँ सुनीं। आज 950 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 280 का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। कई मामलों में पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, बीपीएल कार्ड सहित अन्य योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिलाया गया।

साधना सप्ताह-मंत्री जितेंद्र सिंह

विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली में साधना सप्ताह के तहत कई पहलों का शुभारंभ किया। इनमें उन्नति पोर्टल और कर्मयोगी कर्तव्य कार्यक्रम के राष्ट्रीय स्तर पर कार्यान्वयन की रूपरेखा शामिल हैं। डॉ. सिंह ने एक विशेष सत्र में कहा कि मिशन कर्मयोगी ने पांच वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह सरकारी कर्मचारियों की क्षमता निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है।

सड़क निर्माण-गडकरी

केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश राज्यों में, झाँसी के लिए 15.5 किमी लंबाई के 4-लेन वाले दक्षिणी बाईपास के निर्माण और बंगाय खास से ओरछा तिगेला तक राष्ट्रीय राजमार्ग-44 और राष्ट्रीय राजमार्ग-39 को जोड़ने वाली लिंक के लिए 631.73 करोड़ रुपए की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि दक्षिणी बाईपास झाँसी के आस-पास से गुज़रने वाले शहरों के बीच के ट्रैफिक के लिए एक निर्बाध रास्ता बनाएगा, जिससे शहर के अंदर यात्रा का समय कम होगा और शहर में ट्रैफिक का दबाव घटेगा।

विश्व ध्यान सम्मेलन

उप-राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि मानसिक शांति और आत्मावलोकन का महत्व बढ़ गया है और ध्यान ही समग्र स्वास्थ्य की कुंजी है। आज नई दिल्ली में विश्व ध्यान सम्मेलन में उन्होंने कहा कि ध्यान तनाव घटाने, एकाग्रता बढ़ाने और भावनात्मक रूप से सशक्त बनाने में सहायक है ही, यह जीवन के प्रति एक सहज और सम्यक दृष्टि भी पैदा करता है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि ध्यान से सूक्ष्म दृष्टि पैदा होती है और धैर्य तथा आंतरिक शांति हासिल होती है और नज़रिया सकारात्मक बनता है।

समुद्री दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की समुद्री विरासत में इस क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों का अमूल्य योगदान है। आज राष्ट्रीय समुद्र दिवस पर सोशल मीडिया पर संदेश साझा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का समुद्री क्षेत्र तीव्र गति और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है।

वहीं केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा है कि भारत वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच समुद्री शक्तियों में से एक बनने की राह पर अग्रसर है। श्री सोनोवाल ने भारत के समुद्री क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन का भी जिक्र किया।

फसल नुकसान-शिवराज

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। उन्होंने कहा है कि सरकार स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए संबंधित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि स्थिति के आकलन के बाद ज़रूरी कदम उठाए जाएंगे।

आईपीएल

आईपीएल टी-20 क्रिकेट में आज का दूसरा मैच चेन्नई में शाम साढ़े सात बजे से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। दोपहर में खेले गए पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 5 विकेट से हराया।

समाचार संक्षेप में :-

- सतना जिले के सभी विकासखंड और नगरीय क्षेत्र को 30 जून तक के लिये जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है।
- खण्डवा में आज से जनगणना 2027 के तहत फील्ड ट्रेनर्स के लिए द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया।
- सीहोर में अधिकारियों के जांच दलों ने जिले के 212 गोदामों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टॉक का सत्यापन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

............................